Regarding categorization of Gram Panchayats in Jamshedpur Parliamentary Constituency ? laid

श्री बिद्युत बरन महतो **(जमशेदपुर):** जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत घाटशिला विधानसभा क्षेत्र है जो अनुसूचित जनजाति (एसटी) सीट है। विदित है कि घाटशिला प्रखण्ड में 8 पंचायत क्रमशः काशिदा, घाटशिला, पावड़ा, धर्मबहाल, गोपालपुर, मउभण्डार उत्तरी, मउभण्डार पूर्वी, मउभण्डार पश्चिमी एवं मुसाबनी प्रखण्ड के क्रमशः 8 पंचायत उत्तरी ईचड़ा, दक्षिणी ईचडा, मुसाबनी पूर्वी, मुसाबनी पश्चिमी, उत्तरी बादिया, दक्षिणी बादिया, पूर्वी बादिया, पश्चिमी बादिया उक्त सभी पंचायतों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अतिपिछडा, गरीब आदिवासी बाहुल्य लोग रहते है एवं उक्त क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित भी है। वर्ष 2011 की जनगनणा में त्रुटिवश उक्त पचायतों को शहरी कोड़ में डाल दिया गया है जबकि उसके आसपास में नगर निगम या अधिसूचित क्षेत्र नहीं है फिर भी किन कारणों से इतनी बड़ी आबादी सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित है। यहां की जनता वर्षों से मांग कर रही है कि उन्हें पूर्व की भांति ग्राम पंचायतों में ही रहने दिया जाय, परंतु अभी तक उनकी मांगों को नहीं माना गया है

अतः मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि उक्त सभी पंचायतों को शहरी कोड़ से हटाकर ग्राम पंचायत में ही रहने दिया जाए।